1546(E)
26/02/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 26/2/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, नवादा के अन्तर्गत Construction work for New Hisua Bypass (NH-82 Bagodar to SH-8) Ursa Ahar Via Karamchak Bagodar road from Ch. 0+000 Km. to Ch. 2+900 Km. (Total Length-2.900 Km.) in Nawada District for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–4027(अनु०) दिनांक–24.11.2025 के माध्यम से प्राप्त दिनांक–24.11.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं तथा विभागीय पत्रांक–8174(E)we दिनांक–03.12.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, दक्षिण के पत्रांक–4304(अनु०) दिनांक–13.12.2025 द्वारा समर्पित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विवरणी निम्नवत् हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction work for New Hisua (NH-82 Bagodar to SH-8) Ursa Ahar via Karmchak Bagodar road from Ch. 0+00 Km. to Ch. 2+900 Km. (Total Length-2.900Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, नवादा। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹3519.355 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–6339(S) दिनांक–16.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹3264.68 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–3209 दिनांक–09.09.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹1664.34676 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 09 (Nine) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 17.10.2025 |

कम्प्यूटरीकृत निर्गत
पंजीयन सं०........
दिनांक-........

| | | |
|---|---|---|
| 2.10 प्राप्त निविदा की संख्या | : | 02 (दो) अदद यथा:– |
| (i) M/s Kumar Construction | | (ii) M/s Surendra Prasad & Co. |
| 2.11 तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग | : | मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–4027(अनु०) दिनांक–24.11.2025 |
| 2.12 परिवाद की स्थिति | : | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की तिथि तक इस निविदा में कोई परिवाद प्राप्त नहीं है। |
| 2.13 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। प्रथम निविदा में एकल निविदाकार होने के कारण निविदा रद्द की गयी। |

3. इस निविदा में 02 (दो) निविदाकार द्वारा भाग लिया गया है। 02 (दो) निविदाकार यथा (1) M/S Kumar Construction एवं (2) M/S Surendra Prasad & Co. द्वारा वांछित अग्रधन की राशि Bank Guarantee के माध्यम से जमा किया गया है।

4. **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–</u>**

4.1 अधीक्षण अभियंता, मगध पथ अंचल, गया जी के पत्रांक–1148(अनु०) दिनांक–10.11.2025 से प्राप्त तकनीकी बीड तथा संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय निम्नवत् है :–

4.2 पथ प्रमंडल, नवादा के अन्तर्गत Construction work for New Hisua Bypass (NH-82 Bagodar to SH-8) Ursa Ahar Via Karamchak Bagodar road from Ch. 0+000 Km. to Ch. 2+900 Km. (Total Length-2.900 Km.) in Nawada District for the year 2025-26 कार्य के लिए प्राप्त निविदा के तकनीकी बीड पर समिति द्वारा समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त पाया गया कि निविदा में भाग लेने वाले 02 (दो) निविदाकारों में से 01 (एक) निविदाकार M/S Surendra Prasad & Co. NIT के क्रमांक–25 के आलोक में Affidavit पर Rs 25 का Advocate Welfare Stamp नहीं होने के कारण निविदा के NIT की कंडिका–25 की वांछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण नहीं करते है एवं शेष 01 (एक) निविदाकार M/s Kumar Construction निविदा के न्यूनतम वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करते है।

समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त 02 (दो) निविदाकारों में से 01 (एक) निविदाकार M/s Surendra Prasad & Co. NIT के क्रमांक–25 के तहत् तकनीकी बीड में असफल एवं शेष 01 (एक) निविदाकार M/s Kumar Construction को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

4.3 चूँकि यह पुनर्निविदा है एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन हेतु एक मात्र सफल निविदाकार M/s Kumar Construction हैं। अतः निविदा निष्पादन हेतु विभागीय पत्रांक–3162(S) दिनांक–09.05.2016 के आलोक में एक स्तर ऊपर के प्राधिकार अर्थात् विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु अनुशंसा की जाती है।

5. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः–</u>

5.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–4027(अनु०) दिनांक–24.11.2025 से प्राप्त दिनांक–24.11.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित की गई सूचनाओं एवं विभागीय पत्रांक–8174(E)we दिनांक–03.12.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, दक्षिण के पत्रांक–4304(अनु०) दिनांक–13.12.2025 द्वारा समर्पित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन निम्नवत् है :–

5.2 पथ प्रमंडल, नवादा के अन्तर्गत **Construction work for New Hisua Bypass (NH-82 Bagodar to SH-8) Ursa Ahar Via Karamchak Bagodar road from Ch. 0+000 Km. to Ch. 2+900 Km. (Total Length-2.900 Km.) in Nawada District for the year 2025-26** कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में प्राप्त दो निविदाकारों में से एक निविदाकार यथा **M/s Surendra Prasad & Co. NIT** के क्रमांक–25 **(Advocate Welfare Stamp)** के तहत् निविदा की वांछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण नहीं करने के कारण पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल एवं शेष एक निविदाकार यथा **M/s Kumar Construction** द्वारा निविदा की वांछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण बिहार लोक निर्माण संहित–163(3) के तहत् सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

5.3 विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरान्त वित्तीय बीड निविदा निष्पादनार्थ विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया जाता है। बशर्त्ते उक्त विभागीय निदेश के अनुसार निर्धारित अवधि दो दिनों में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरान्त ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

5.4 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26/02/26<br>(मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | 26/02/26<br>(राजकुमार)<br>मुख्य अभियंता,<br>दक्षिण,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | 26/2/26<br>(उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–211/2025 1546(E) पटना, दिनांक 26/02/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/2/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।